हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून 2025


तापमान
अधिकतम 39 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री


10 शोरी मार्केट में वाटर कूलर का उद्घाटन




11 नर्सिंग छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



## खबर संक्षेप

### युवक पर चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने फरमाणा खास निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में दोनों आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। महम थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि 18 जून को फरमाणा खास निवासी अमित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि अमित ने भिवानी स्टैंड़ महम पर हार्डवेयर की दुकान कर रखी है, जिसको अमित के पिता हरिओम व अमित देखते है। 18 जून को दोपहर के समय अमित व उसके पिता दुकान पर मौजूद थे। तभी विशाल व अंकुश दुकान पर आए और कहा कि उनसे पिता हरिओम से उनको अकेले में जरुरी बाते करनी है। अमित कुछ दूरी पर जाकर खड़ा हो गया। कुछ ही देर में अमित को झगड़े का शोर सुनाई दिया। अमित ने देखा कि उसके पिता घायल अवस्था में वहां पडे हुए है। विशाल व अंकुश ने जान से मारने की नीयत से हरिओम के पेट में चाकू मारकर मौके से फरार हो गए।

### ठगी का आरोपी अलवर से गिरफ्तार, केस

**रोहतक।** पुलिस ने 39 हजार रुपये की ठगी की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कलानौर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि 1 दिसंबर 2024 को गांव कटेसरा निवासी प्रवीण की शिकायत के आधार पर जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 31 अक्टूबर 2024 को प्रवीण के भाई कुलदीप के खाते से ऑनलाइन 39 हजार रुपये कट गए। जांच के दौरान 19 जून को आरोपी तेजपाल उर्फ राजकुमार निवासी चावंडी जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में शामिल रहे आरोपी केशव व तुषार को पहले ही गिरफ्तार हो चुके है।

### 116 ने दी आईएचटीएम की प्रवेश परीक्षा

**रोहतक।** मदवि के होटल एवं टूरिज्म प्रबंधन संस्थान द्वारा स्नातक स्तर के हॉस्पिटैलिटी व टूरिज्म प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए ड्राफ्ट अप्रेज़ल प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। कुल 138 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 116 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 22 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यह प्रवेश परीक्षा संस्थान के प्रमुख कार्यक्रमों चार वर्षीय बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड किचन टेक्नोलॉजी , पांच वर्षीय एकीकृत मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी , तथा तीन वर्षीय बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट में दाखिले के लिए आयोजित की गई थी। ये सभी कार्यक्रम 10+2 उत्तीर्ण छात्रों के लिए खुले हैं जो हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म में करियर बनाना चाहते है।

## माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने पहुंचे राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी का शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सुबह नौ बजे सेक्टर 14 स्थित सिंधु भवन से हिसार के गांव खांडा खेड़ी के लिए रवाना होगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक जताया है। हरियाणा महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सुमन, भाजपा नेता विजय आर्य,भारतीय जनता पार्टी के नेता राजकुमार कपूर, पूर्व मेयर रोहतक मनमोहन गोयल सहित काफी लोग शोक व्यक्त करने सिंधु भवन पहुंचे।



### आर्य समाज के लिए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : मेयर

रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु ने और माता परमेश्वरी देवी जी ने आर्य समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### पूर्व मेयर डाबला ने शोक जताया

पूर्व मेयर रेनू डाबला ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी के निधन से आर्य समाज को बहुत नुकसान हुआ। वे आर्य समाज को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही थी। उन्होंने परिवार के लिए शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परमेश्वरी देवी जी हमेशा समाजहित के कामों में हमेशा आगे रहती थीं।



## पीजीआई के पोस्टमार्टम हाउस के बाहर एसआई ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी

■ झज्जर पुलिस की सीआईए शाखा में थे तैनात ■ रिश्वतखोरी के मामले में चल रही थी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआई के शवगृह के बाहर एक एसआई ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह सनसनीखेज घटना शुक्रवार सुबह हुई, जहां एसआई ने कनपटी से सटाकर फायर किया, जिससे गोली उनके सिर के आर-पार निकल गई और मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनते ही पीजीआई परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, तो रिवॉल्वर एसआई के बाएं हाथ में फंसा हुआ था, जिससे तत्काल यह पहचान हो सकी कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति पुलिसकर्मी है। पुलिस मामले की जांच कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक एसआई की पहचान पवन के रूप में हुई है, जो रोहतक की कैलाश कॉलोनी में रहते थे। वर्तमान में उनकी तैनाती झज्जर पुलिस की सीआईए शाखा में थी। पवन के चाचा के अनुसार, वह पिछले 5 दिनों से छुट्टी पर चल रहे थे और शुक्रवार सुबह घर से अपनी सर्विस रिवॉल्वर लेकर निकले थे। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एसआई पवन रेवाड़ी के धारूहेड़ा में चल रहे एक रिश्वतखोरी के मामले में जांच चल रही थी। उनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही थी।

■ एसआई की पहचान पवन के रूप में हुई है, जो रोहतक की कैलाश कॉलोनी में रहते थे



रोहतक। मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी व इनसेट में एसआई का फाइल फोटो।

पुलिस इस रिश्वत केस को ही उनकी आत्महत्या का एक मुख्य कारण मानकर चल रही है। हालांकि, पुलिस घरेलू विवाद के एंगल से भी जांच कर रही है। एसआई पवन अपने पीछे दो बेटों को छोड़ गए हैं।

### गोली चलने की आवाज से मचा हड़कंप

शुक्रवार सुबह पीजीआई के डेड हाउस के बाहर अचानक गोली चलने की जोरदार आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर पीजीआई स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड घटनास्थल की ओर दौड़े। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति की कनपटी में गोली लगी है और वह जमीन पर पड़ा है। घटना की सूचना तुरंत पीजीआई थाने को दी गई। थाना पुलिस बिना देर किए मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर प्रारंभिक जांच शुरू की। कुछ ही देर में डीएसपी गुलाब सिंह, सीआईए स्टाफ और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी एक्सपर्ट टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और सबूत जुटाने का काम शुरू किया।

## 1.18 करोड़ की ठगी के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

साइबर थाना की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने के नाम पर 1 करोड़ 18 लाख रुपये की ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को 9 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सेक्टर-2, निवासी बुधराम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 6 नवंबर 2024 को बुधराम के पास कीर्ति गुप्ता के नाम से कॉल आया। जिसने अपने आप को एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटी लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया। जिसने कहा कि उनकी कम्पनी शेयर मार्केट में निवेश करावकर ज्यादा मुनाफा देने का काम करती है। कीर्ति ने बुधराम को वीआईपी इंस्टीटयूशनल ट्रेडिंग अंकाउट खुलवाने के लिए कहा। उन्होने फॉर्मेट पर बुधराम की निजी जानकारी लेकर खाता खोलकर रुपये जमा करवाने की डिटेल भेजनी शुरु कर दी।

आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज भेज कर 1 करोड 18 लाख रुपये की चपत लगा दी। जांच के दौरान 18 जून को आरोपी रोहित निवासी पुणे, महाराष्ट्र व विशाल निवासी मुंबई को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रोहित खाता धारक है। रोहित के खाते में ठगी गई रकम में से 19 लाख रुपये रोहित के खाते में आए थे। आरोपी विशाल कमीशन पर साइबर ठगों को खाता उपलब्ध करवाने का काम करता है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। गिरोह में शामिल रहे आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा

## मदवि में बीए-बीएड तथा बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में सत्र 2025-2026 में चार वर्षीय इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) बीए-बीएड तथा बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बीए-बीएड तथा बीकॉम बीएड पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 7 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 8 जुलाई को डिस्प्ले की जाएगी। संशोधन के बाद प्रोविजनल प्रथम मेरिट लिस्ट 11जुलाई को डिस्प्ले की जाएगी। पहली फिजिकल काउंसलिंग 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी, फीस 15 जुलाई तक जमा करानी होगी। रिक्त सीटों की सूची 16 जुलाई को जारी होगी। दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 18 जुलाई को आयोजित की जाएगी और फीस 19 जुलाई तक जमा करानी होगी। रिक्त सीटों की सूची 21 जुलाई को जारी होगी। तीसरी फिजिकल काउंसलिंग 22 जुलाई को आयोजित की जाएगी और फीस 23 जुलाई तक जमा करानी होगी। सीटें खाली रहने की सूरत में रिक्त सीटों की सूची 24 जुलाई को जारी होगी। चौथी फिजिकल काउंसलिंग 25 जुलाई को आयोजित की जाएगी और फीस 27 जुलाई तक जमा होगी। एडमिशन की फाइनल कट ऑफ डेट 5 अगस्त रहेगी। कक्षाएं 15 जुलाई से प्रारंभ होंगी। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।



### कंप्यूटर साइंस विभाग में दाखिले के लिए 26 तक आवेदन

**रोहतक।** मदवि के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रीति गुलिया ने बताया कि एमसीए में 60 सीटें, एमएससी कंप्यूटर साइंस में 40 सीटें, एमएससी कंप्यूटर साइंस (डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) में 40 सीटें और एमटेक कंप्यूटर साइंस में 30 सीटें उपलब्ध हैं। जिनमें दाखिले के लिए अभ्यर्थी 26 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रो. गुलिया ने बताया कि पाठ्यक्रमों की विशेषताएं-एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) यह दो वर्षीय कोर्स छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, एप्लिकेशन डिजाइन, डाटाबेस मैनेजमेंट, वेब और मोबाइल एप डेवलपमेंट के क्षेत्र में प्रशिक्षित करता है।एमएससी कंप्यूटर साइंस- कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम, डेटा स्ट्रक्चर, प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज और अनुसंधान की दिशा में इच्छुक छात्रों के लिए यह एक ठोस शैक्षणिक आधार प्रदान करता है। एमएससी कंप्यूटर साइंस (डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) यह नवपरिवर्तनशील कोर्स छात्रों को डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म, बिग डाटा टेक्नोलॉजीज व एआई आधारित समाधानों के लिए तैयार करता है।


TATA की पेशकश

आपका पुराना सोना, अब और भी कीमती!



TANISHQ

फेस्टिवल ऑफ एक्सचेंज
— स्मार्ट चुनाव कीजिए —

एक्सचेंज पर 2 कैरेट* तक अतिरिक्त लाभ पाएं और चुनें शानदार नए डिजाइन्स

ऑफर सिर्फ़ अन्य ज्वेलर्स से खरीदे गए पुराने सोने पर वैध

एक्सचेंज के ज़रिए सोने की ज्वेलरी की खरीद पर पाइए 1 कैरेट एक्स्ट्रा वैल्यू और डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर पाइए 2 कैरेट एक्स्ट्रा वैल्यू

To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

नया शोरूम :- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक टेली. : 1800 891 1250


### पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद पुलिस लाइन में छोड़ा

## पीजीआईएमएस में वीसी का घेराव करने जा रहे आउटसोर्स कर्मचारी गिरफ्तार

■ मांगों को लेकर पिछले 18 दिन से कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस में वीसी का घेराव करने जा रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को शुक्रवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। करीब दो सौ कर्मचारियों को पुलिस ने बसों में बैठाकर पुलिस लाइन में उतारा और करीब 6 घंटे रोके रखा। दोपहर को 2 बजे के बाद कर्मचारियों को छोड़ा गया, जिसके बाद कर्मचारी दोबारा धरने पर जाकर बैठ गए।

धरने पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहा कि पीजीआई प्रशासन उनकी मांगों की सुनवाई नहीं कर रहा। धरने पर बैठे हुए 18 दिन हो चुके है, लेकिन अभी तक पीजीआई प्रशासन की तरफ से उनकी मांग को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें परेशान करने के लिए ठेकेदार ने कुछ लोगों को पीछे लगाया हुआ है। कर्मचारियों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।






### महिला व पुरुष कर्मचारियों को अलग-अलग रखा

कर्मचारी जब हेल्थ विवि के वीसी डॉ. एच के अग्रवाल का घेराव करने के लिए जा रहे थे, उसी दौरान कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पुलिस लाइन के मैदान में उतारा, जहां महिला कर्मचारियों को एक हॉल में रोका गया। वहीं आदमियों को अलग रखा।

### एचकेआरएन में शामिल करने की मांग सुनवाई न करने का आरोप लगाया

आउटसोर्स कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक कुमार ने बताया कि उनका धरना केवल भ्रष्टाचार को खत्म करने और कर्मचारियों को एचकेआरएन में शामिल करने के लिए है। पिछले 18 दिन से कर्मचारी इसी मांग के लेकर धरना दे रहे है, लेकिन पीजीआई प्रशासन उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा। उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### महम में योग दिवस समारोह टाउन पार्क में आज

**महम।** शनिवार 21 जून को महम शहर के टाऊन पार्क में उपमंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम मुकुंद करेंगे। जबकि हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के उपाध्यक्ष एस के गक्खड़ समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित किया जाएगा। समारोह सुबह 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### सफाई कर्मचारियों के लिए हेल्थ कैंप लगाया

**रोहतक।** नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर शुक्रवार को एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर और सामान्य अस्पताल के सहयोग से लगाया गया। जिसमें कर्मचारियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर का निरीक्षण महापौर रामअवतार वाल्मीकि की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान निगम की 30 महिला कर्मचारियों की निशुल्क मैमोग्राफी (कैंसर स्क्रीनिंग) की गई, साथ ही नाक, कान, गला, पेट, लिवर, बुखार आदि से संबंधित स्वास्थ्य जांचें भी करवाई गईं।

### एमडीयू आज मनाएगा योग दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि एमडीयू के खेल परिसर स्थित डॉ. मंगल सेन जिम्नैजियम हाल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# एमडीयू ने सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सूचना पुस्तिका की जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु सूचना पुस्तिका (एडमिशन ब्रॉशर) का औपचारिक विमोचन किया गया। यह विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एएस मान (डीन अकादमिक अफेयर्स), डॉ. कृष्णकांत (कुलसचिव), प्रो. बी. नरसिम्हन (निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ), प्रो. सुमित गिल (एसोसिएट डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल), प्रो. आशीष दहिया (निदेशक, जनसंपर्क), डॉ. कृष्णकांत शर्मा तथा अकादमिक शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्रोफेसर एएस मान (डीन अकादमिक अफेयर्स), ने प्रोस्पेक्ट्स के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत करवाया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि यह पुस्तिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सुचारू क्रियान्वयन की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। यह न केवल सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया की समय-सीमा की जानकारी देती है, बल्कि पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार को भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने प्रोस्पेक्ट्स कमेटी की प्रशंसा भी की। प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत 20 जून से, आरक्षित श्रेणी की सीटों को बिना रूपांतरण के प्रवेश की अंतिम तिथि 26जून, राज्य सरकार की आरक्षण नीति अनुसार रूपांतरण के बाद खाली सीटों पर प्रवेश 03 अगस्त, कक्षाओं का आरंभ 28 जुलाई, प्रवेश की अंतिम तिथि 30.अगस्त। यह प्रवेश अनुसूची एम.डी. विश्वविद्यालय, रोहतक से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित यूजी/पीजी, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट व प्रोफेशनल कोर्सेज पर लागू होगी। सूचना पुस्तिका (एडमिशन ब्रॉशर) की डिजिटल कॉपी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mdu.ac.in पर उपलब्ध होगी।

### सांपला बस स्टैंड पर वाटर कूलर किया समर्पित

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को सांपला बस स्टैंड पर वाटर कूलर व पानी साफ करने का आर ओ सिस्टम समर्पित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा रोडवेज के जीएम विपिन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेंद्र जैन ने की। महाप्रबंधक रोडवेज विपिन शर्मा ने कहा कि सांपला बस स्टैंड पर काफी समय से गर्मी अधिक होने के कारण यात्रियों के लिए पानी की व्यवस्था जरूरी थी और ट्रस्ट ने वाटर कूलर लगाकर सराहनीय कार्य किया है।

## नागरिक योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर करें भागीदारी : डीसी

# राजीव गांधी खेल परिसर में होगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने नागरिकों का आह्वन किया है कि वे 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें तथा योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है, बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय व खंड स्तरीय भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के सहकारिता, निर्वाचन, जेल, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्यातिथि होंगे। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय राजीव गांधी खेल खेल परिसर में में किया जाएगा। इसके



**रोहतक।** योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व मंडल आयुक्त के

अलावा जिला में चार खंडों पर खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महम के लिए हुडा पार्क, कलानौर खंड के लिए कलानौर स्थित बसाना रोड़ पर अनाज मंडी, सांपला खंड के लिए सांपला स्थित सर छोटूराम महिला महाविद्यालय तथा लाखनमाजरा खंड के लिए लाखनमाजरा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि योग न केवल हमारे मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। योग अपनाने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मन भी प्रसन्न रहता है। वर्तमान दौर में विभिन्न प्रकार के तनाव से छुटकारा पाने के लिए योग महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। योग एक जीवन शैली है, जिसे अपनाकर नागरिक जीवन भर स्वस्थ व निरोगी रह सकते है। आज बहुत से लोग मोटापे सहित जीवन शैली से संबंधित अलग-अलग बीमारियों से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल, आयुष विभाग के डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. ईशा, डॉ. दीपशिखा, डॉ. सविता नांदल, डॉ. प्रदीप चाहर, डॉ. जितेंद्र वत्स, डॉ. ओम प्रकाश राठी, डॉ. सोनू सैनी, डॉ. विवेक गुप्ता, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट कुलभूषण सहारण, सतपाल मलिक, मनजीत सिंह, राजबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### योग दिवस कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल संपन्न

21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल की गई। इससे पूर्व मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम ने योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। योग मैराथन स्टेडियम परिसर स्थित फुटबॉल मैदान से शुरू होकर एथलेटिक्स मैदान में संपन्न हुई। इसके माध्यम से प्रतिभागियों ने योग के महत्व का संदेश दिया।

### पतंजलि के प्रतिनिधियों ने करवाया योग

पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय समारोह की फाइनल रिहर्सल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म व्यायाम के साथ-साथ योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया।



### द आर्यन स्कूल में किया योग शिविर का आयोजन

**रोहतक।** करौंथा स्थित 'द आर्यन ग्लोबल स्कूल' में शुक्रवार और शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया।, जिसमें बच्चों को योग का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'दुर्गा योगा कोच' द्वारा किया गया। शिविर में प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम और भी अन्य आसन बच्चों को कराए गए। दुर्गा कोच द्वारा शरीर को निरोगी बनाने के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को योग की जानकारी भी दी। स्कूल प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना ने उनके इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि आगे भी हम बच्चों के लिए योग शिविर का आयोजन करते रहेंगे।



### मॉडल स्कूल सांपला में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रोहतक।** बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कई तरह की गतिविधियां आनलाइन आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने योग अभ्यास किया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया प्रधानाचार्या नोमिता बत्रा ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को विद्यार्थी जीवन में योग का महत्व बताया तथा उन्हें प्रतिदिन योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ़ का योगदान रहा।

# शोरी मार्केट में वाटर कूलर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शोरी मार्केट में स्थित कपिलेश्वर महादेव के मंदिर के बाहर वाटर कूलर लगाकर गोकर्ण पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के उप आचार्य स्वामी कपिल पुरी ने आमजन के लिए नेक कार्य किया है। स्वामी कपिल पुरी के सानिध्य में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने वाटर कूलर का नारियल फोड़ कर मंत्र उच्चारण के बीच उद्घाटन करते हुए विधिवत तौर पर जनता को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई।

मनीष ग्रोवर ने कहा कि सामाजिक कार्यों में गोकर्ण तीर्थ स्थल अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। खासकर शहर वासियों को धार्मिक स्थल पर गर्व है और उम्मीद रहती है कि सामाजिक कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि डेरे के संचालक गद्दीनशीन महंत कपिल पूरी हर दुख-सुख में शहर वासियों के साथ खड़े नजर आते हैं। इसे ही मानवता के प्रति समर्पण कहते हैं तपती गर्मी के इस मौसम में वाटर कूलर लगाने पर राहगीरों ने बाबा कपिल पुरी मनीष ग्रोवर का आभार जताया।



**रोहतक।** वाटर कूलर का उद्घाटन करते जूना अखाड़ा के उप आचार्य स्वामी कपिल पुरी व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर। *फोटो : हरिभूमि*

### एमडीयू में आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि में सत्र 2024- 25 में स्नातक पाठ्यक्रमों गणित, सांख्यिकी और बीएचएमसीटी, बीटीटीएम तथा एमएचएमसीटी में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीएससी गणित की प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें 250 अभ्यर्थी परीक्षा ने बैठे तथा 78 एबसेंट रहें। बीएससी स्टेटिस्टिक्स की प्रवेश परीक्षा दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक आयोजित किए, जिसमें 55 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 21 एबसेंट रहे।



### जीडी गोयंका स्कूल में मनाया योग दिवस

**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग और समग्र कल्याण के प्रति अपनी समर्पण को प्रदर्शित किया। विभिन्न आसनों जैसे अर्ध चक्रासन, मत्स्यासन, धनुरासन, चक्रासन आदि का अभ्यास करके, छात्रों ने शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना ने कहा कि इस वर्ष का विषय, /"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग,/" योग के महत्व को उजागर करता है जो मनुष्यों और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध बनाने में मदद करता है। सान्या मायना ने योग में छात्रों की भागीदारी, योग के लाभों और जीवन को बदलने की क्षमता के बारे में जागरूकता फैलाने को लेकर टीचर्स का हार्दिक धन्यवाद दिया।




## जेएनवी में छठीं कक्षा में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। छठीं कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। छठीं कक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसंबर शनिवार को सुबह 11:30 बजे आयोजित होगी। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पूर्णतयः आवासीय विद्यालय है, जिसमें छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास उपलब्ध है। इसके अलावा विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा के साथ भोजन, वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोग सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन स्वयं के स्तर पर अथवा जिला के गांव घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से सम्पर्क कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी को फोटो एवं आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। अभ्यर्थी और अभिभावक के हस्ताक्षर भी अपलोड करवाने होगें। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच (दोनों तिथि शामिल) हुआ हो।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की हुडा कॉम्प्लेक्स शाखा के नए परिसर का हुआ भव्य उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की हुडा कॉम्प्लेक्स शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन चंडीगढ़ अंचल प्रमुख मनोज कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिसार क्षेत्र प्रमुख नितिन नेगी, शाखा के मुख्य प्रबंधक नवनीत कुमार, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में सम्मानित ग्राहकगण उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मनोज कुमार ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सदैव अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान



करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। रोहतक जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में इस नए परिसर के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ, सुरक्षित और आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। हमारा लक्ष्य न केवल वित्तीय सेवाएं देना है, बल्कि हर ग्राहक के साथ विश्वास और संबंध की भावना भी जोड़ना है। यह शाखा डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों को साकार करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह शाखा न केवल वित्तीय सेवाओं का केंद्र बनेगी, बल्कि ग्राहकों के साथ संवाद और विश्वास की एक मजबूत कड़ी भी स्थापित करेगी। कार्यक्रम के दौरान विशेष उपहार वितरित किए गए और सभी अतिथियों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई, जिससे पूरे आयोजन में एक आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। शाखा प्रबंधन ने विश्वास दिलाया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रोहतक क्षेत्र में ग्राहकों की हर वित्तीय आवश्यकता का भरोसेमंद साथी बना रहेगा और डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण योगदान देता रहेगा।




## लंबित शिकायतों की संख्या इकाई के आंकड़े तक सीमित रहेः एडीसी

# लघु सचिवालय में वर्चुअली की गई लंबित शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। जिले में समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे का कार्य अच्छे तरीके से चल रहा है तथा विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों का निपटारा शीघ्र किया जा रहा है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र



कुमार समाधान शिविर के दौरान लघु सचिवालय स्थित सभागार में कही। समीक्षा बैठक के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल भी उपस्थित रहे। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे वर्चुअली समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, उप जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी एवं राजबाला, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग आदि रहे।

### शिकायतों के विभिन्न पोर्टलों के संदर्भ में सुझाव दिए

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के अधिकारियों को शिकायतों के विभिन्न पोर्टलों के संदर्भ में सुझाव भी दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, सहकारिता विभाग, एलडीएम, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटारे बारे दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लंबित शिकायतों की संख्या इकाई के आंकड़े तक सीमित रहे।



# नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ऑक्सीजन हॉस्पिटल द्वारा अवसर प्लेसमेंट के सहयोग से नर्सिंग विभाग के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल एक औपचारिक नियुक्ति प्रक्रिया था, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक मंच बनकर सामने आया, जिसने उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपने करियर की संभावनाओं को साकार करने का अवसर प्रदान किया। इस विशेष प्लेसमेंट कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग के कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत चयन प्रक्रिया को विभिन्न चरणों में विभाजित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से प्रारंभिक स्क्रीनिंग व साक्षात्कार, प्रलेख सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) तथा करियर मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग सत्र शामिल थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचएल



वर्मा ने कहा कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक शिक्षा देना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाना भी है। यह प्लेसमेंट ड्राइव उसी दिशा में एक ठोस कदम है। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविकताओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस महत्त्वपूर्ण प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन संयोजक डॉ. अभिषेक पराशर, सह-संयोजक जतिन पाराशर तथा आयोजन सचिव डॉ. राज रानी के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन सभी ने विद्यार्थियों की आवश्यकता और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्लेसमेंट ड्राइव की संपूर्ण योजना को कुशलतापूर्वक क्रियान्वित किया। उनकी प्रतिबद्धता एवं टीम भावना ने इस आयोजन को अत्यंत सफल बनाया। छात्रों ने भी अपनी संतुष्टि और उत्साह व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन, नर्सिंग विभाग, आयोजन समिति तथा ऑक्सीजन हॉस्पिटल के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों का कहना था कि इस प्रकार की पहले न केवल उन्हें भविष्य के लिए तैयार करती हैं, बल्कि उन्हें अपने अंदर छिपी संभावनाओं को पहचानने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी देती हैं।

## सीटू ने पीजीआई आउटसोर्स कर्मचारियों के समर्थन में डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**रोहतक।** पीजीआई में पिछले 19 दिन से आंदोलनरत ठेका कर्मचारियों की गिरफ्तारी के खिलाफ रिहाई की मांग करते हुए सीटू और सर्व कर्मचारी संघ ने कहा कार्यरत सभी ठेका कर्मचारियों को सरकार हरियाणा कौशल रोजगार में शामिल करें। प्रदर्शन के दौरान सीटू ने 26 हजार न्यूनतम वेतन की मांग की। बीती रात कर्मचारियों के धरने से टेंट उखाड़ने और अल सुबह सैकड़ो ठेका कर्मचारियों की गिरफ्तारी के विरोध में मजदूर संगठन सीटू, सर्व कर्मचारी संघ समेत कई संगठनों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले सभी संगठनों ने स्थानीय मानसरोवर पार्क में सभा का आयोजन किया। विरोध कार्रवाई की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच और मजदूर संगठन की जिला प्रधान कमलेश लाहली में संयुक्त रूप से की। गिरफ्तारी और टैंट उखाड़ने की दमनात्मक कारवाई पर तीखा विरोध जाहिर करते हुए सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, जिला सचिव कामरेड विनोद, सर्व कर्मचारी संघ के प्रश्न नेता सुमेर सिवाच और जयवीर चहल ने कहा कि पीजीआई कर्मचारियों पर किए गए दमन को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध कार्रवाई को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान जगपाल सांगवान व रणबीर दहिया, रोडवेज कर्मचारी नेता प्रदीप, मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के राकेश लकड़ा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव मनजीत पांचाल, खेत मजदूर यूनियन के संदीप सिंह और रामचंद्र, सीटू के जिला कोषाध्यक्ष धर्मवीर हुडा, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान बबीता, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद्र, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान सोनिया ने संबोधित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेषांक

**योगः** योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर और आत्मा (ध्यान) को एकरूप करना ही रिक्तता से जोड़ने का एक तरीका है योग। योग समझने से ज्यादा करने की विधि है। योग साधने से पहले योग के बारे में जानना बहुत जरुरी है। योग के कई सारे अंग और प्रकार होते हैं, जिनके जरिए हमें ध्यान, समाधि और मोक्ष तक पहुंचना होता है। 'योग' शब्द तथा इसकी प्रक्रिया और धारणा हिन्दू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में ध्यान प्रक्रिया से सम्बन्धित है। योग शब्द भारत से बौद्ध पन्थ के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्रीलंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत में लोग इससे परिचित हैं। सिद्धि के बाद पहली बार 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक एक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है।





































Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
Great MONSOON Sale
DISCOUNT UP TO 80%
21 JUNE TO 27 JUNE
ROHTAK
SAMPLA
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE
UPTO 80% OFF OFF
*T & C APPLY
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
HURRICANE ENERGY DRINK FREE BUY 1 GET 2
FIR 4 DIET SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
CLEAR WATER FREE BUY 1 GET 2
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER FREE BUY 1 GET 2
FRESCA FREE BUY 1 GET 3
TENDER COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 2
STORIA COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
Vadilal UPTO 56 % OFF ON MRP
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
RED BULL MRP ₹125 @ JUST 95
YUVAUD SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
FRESCA CLUB SODA FREE BUY 1 GET 1
DEL MONTE MIX FRUIT DRINK FREE BUY 1 GET 1
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA @ JUST 79
PATANJALI SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
Arshirvaad atta 10kg ₹495 OUR PRICE ₹439
SAFE HARVEST ATTA 5 KG 50% OFF ON MRP
TATA TEA PREMIUM 1KG ₹580 OUR PRICE ₹365
DAAWAT ROZANA GOLD 5 KG ₹600 OUR PRICE ₹399
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹585 OUR PRICE ₹585
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
CATCH DRINK 1.25L BUY 1 GET 1 FREE
NILON'S PICKLE 1KG 50% OFF ON MRP
TOPS PICKLE 1KG SELECTED VARIANTS 50% OFF ON MRP
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
CATCH SPICES 25% OFF ON MRP
LOOSE PASTA MACARONI 1 KG OUR PRICE ₹60
PRO NATURE 20% OFF ON MRP
Del Monte Dates 500 gram BUY 1 GET 1 FREE
PRAAKRITIK ALL PRODUCTS 20% OFF ON MRP
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹76
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹109
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹76
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹85
BADAM 1KG OUR PRICE ₹885
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹350
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
VRINDAWAN MAKHANA ₹400 OUR PRICE ₹325
TREEVEDA VERMICELLI, PASTA, MACRONI SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹159
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹190 OUR PRICE ₹159
MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 OUR PRICE ₹495
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹575
4KG Ariel Complete Detergent BUY1 GET 1 FREE
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1049
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1099
2ltr Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L 25% OFF
9 kg TIDE JASMINE & ROSE ₹749
1ltr WIPRO SAFE WASH 1LTR WITHOUT OFFER BUY1 GET 2 FREE
5 LTR TRISHUL PHENYLE 50% OFF
MRP ₹1030 surf excel easy wash 7 kg ₹685
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR OUR PRICE ₹650
MRP ₹1425 ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD ₹230 OFF
MRP ₹1549 ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD ₹250 OFF
20% OFF HELIOS PRODUCTS SHOE CARE
GALA SELECTED 20% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 50% OFF
Rohtak Model Town Address: Elenta Mart, Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak.
Contact: +91-9350999480
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak.
Contact: +91-8199999480
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA,SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON : elenta_mart elenta mart